## एक नजर में

### मंदिर में पंचांग पूजन कर मनाया ज्योतिष दिवस

**उज्जैन।** श्री प्रकटेश्वर महादेव मंदिर में नववर्ष विक्रम संवत् 2073 के प्रथम दिन गुड़ी पड़वा पर विक्रम उत्सव के तहत पंचांग पूजन व ध्वजारोहण कर नव संवत्सर का शुभारंभ किया गया। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव की प्रेरणा से सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय, महाराज विक्रमादित्य शोधपीठ उज्जैन, सम्राट विक्रमादित्य विद्वत परिषद, पूर्ण फाउंडेशन और मंदिर की श्री शिव विष्णु समिति द्वारा संयुक्त रूप से पंचांग का पूजन कर ज्योतिष दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में प्रो. अर्पण भारद्वाज और निर्देशक के रूप में राम तिवारी उपस्थित रहे। इस अवसर पर राजेश कुशवाह, नरेश शर्मा, मंदिर पुजारी घनश्याम शर्मा, डॉ. अनिल कुमार शर्मा, डॉ. दिलीप सोनी, रमन सोलंकी, जेएस तोमर, प्रो. डीएस कुमावत, डॉ. सर्वेश्वर शर्मा, डॉ. शेखर मैदमवार, डॉ. महेंद्र पांड्या, डॉ. हेमंत लोदवाल, दिनेश दिग्गज, डॉ. नेहा, डॉ. अजय शर्मा, प्रो. शैलेंद्र कुमार शर्मा और डॉ. सुशील शर्मा सहित उज्जैन के कई गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

### आज चल समारोह के साथ मनेगी मिनेष जयंती

**उज्जैन।** आज 21 मार्च को मीणा समाज के आराध्य भगवान श्री मिनेष की जयंती धार्मिक हर्षोल्लास के साथ मनाई जाएगी। मध्य प्रदेश मीणा समाज सेवा संगठन की उज्जैन जिला इकाई के तत्वावधान में आयोजित इस महोत्सव को लेकर शहर सहित जिले भर के समाजजनों में भारी उत्साह है। संगठन के जिलाध्यक्ष योगेश मीणा और मीडिया प्रभारी अजय बारवाल ने बताया कि 21 मार्च की सुबह 9 बजे आगर रोड स्थित बापू नगर से ढोल-ढमाकों और आतिशबाजी के साथ भव्य चल समारोह निकाला जाएगा। इसमें बड़ी संख्या में समाज के पुरुष और महिलाएं विभिन्न वाहनों पर सवार होकर शामिल होंगे। शहर के विभिन्न मार्गों से होता हुआ यह चल समारोह सुबह 11 बजे अंकपात मार्ग स्थित काजीपुरा पहुंचेगा। मीणा बहुल क्षेत्र होने के कारण यहां चल समारोह का जगह-जगह भव्य स्वागत किया जाएगा। इसके पश्चात चल समारोह पीपलीनाका स्थित विष्णु वाटिका गार्डन पहुंचेगा। यहां भगवान मिनेष की पूजा-अर्चना व आरती के बाद सामाजिक उत्थान पर विचार-विमर्श किया जाएगा और भोजन प्रसादी का आयोजन होगा। आयोजन को सफल बनाने की अपील योगेश मीणा, सुविधा प्रहलाद पटेल, अजय बारवाल, सतीश चांदा, महेंद्र मीणा दादू, आशुतोष मीणा, पंकज चांदा सहित अन्य पदाधिकारियों ने की है। उन्होंने सभी स्वजातीय बंधुओं से सपरिवार अधिकाधिक संख्या में शामिल होने का अनुरोध किया है।

### दृष्टि इंडिया परिवार ने किया स्वागत

**उज्जैन।** चेटीचंड पर्व पर शुक्रवार को सिंधी समाज का विशाल चल समारोह टावर चौक फ्रीगंज से शुरू हुआ। जिसे मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। सिंधी समाज के चल समारोह का दृष्टि इंडिया परिवार की ओर से नगर निगम की ग्रांड होटल के समीप भव्य मंच लगाकर ऐतिहासिक स्वागत किया गया। सिंधी समाज के वरिष्ठ और शहर के वरिष्ठ समाजसेवी महेश परियानी का दृष्टि इंडिया परिवार की ओर से सम्मान किया गया। इस मौके पर दृष्टि इंडिया न्यूज़ के राम सिंह चौहान, आरएस चौहान, सुधीर तिवारी, केके गौतम, मोरेश्वर राव उलारे, जयराज मंडेरिया, रानू सक्सेना, नितेश मालवीय, रजनीश मालवीय, राज प्रजापत, आयुष चौहान, पीयूष सिंह चौहान आदि की मौजूदगी में सिंधी समाज जनों को जल, आइस्क्रीम और छाछ का वितरण किया गया। चल समारोह में शामिल सिंधी समाज जनों पर दृष्टि इंडिया के मंच से पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया।

### कायस्थ समाज ने किया सम्मान

**उज्जैन।** इन्दिरा नगर स्थित सिन्धु धाम श्री झूलेलाल मंदिर में भगवान श्री झूलेलाल का जन्मोत्सव चेटीचंड महापर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। पर्व के दौरान उज्जैन उत्तर विधानसभा के कायस्थ समाज अध्यक्ष मंगेश श्रीवास्तव ने इन्दिरा नगर सिंधी पंचायत के अध्यक्ष डॉ. जितेन्द्र जेठवानी का शाल, श्रीफल, मोतियों की माला और केसरिया दुपट्टा पहनाकर आत्मीय अभिनंदन किया। प्रत्युत्तर में डॉ. जेठवानी ने भी मंगेश श्रीवास्तव का केसरिया दुपट्टा पहनाकर स्वागत व वंदन किया। इस दौरान नारायण कोटवानी, अशोक जेठवानी, सुरेश तेजवानी, देवी नाथानी, नरेश ननजानी, जीतू भाटिया, प्रियांश श्रीवास्तव और शिव श्रीवास्तव सहित समाज के कई गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## जया, गोली और आफताब बोले -महाकाल की नगरी लाजवाब

**उज्जैन।** मुंबई के सितारे महाकाल की नगरी पहुंचे। जिसमें फिल्म अभिनेत्री जयाप्रदा, फिल्म अभिनेता आफताब शिवदासानी और तारक मेहता का उल्टा चश्मा के कलाकार गोली ने कहा कि उज्जैन लाजवाब है और यहां बार-बार आने का मन करता है। वह महाकाल के दर्शन लगातार हम करते रहे, ऐसा मन करता है।

जयप्रदा ने कहा कि महाकाल का आशीर्वाद रहा तो उज्जैन पर फिल्म बनाऊंगी। सिंधी समाज के प्रमुख पर्व चेटीचंड पर महाकाल की नगरी उज्जैन में भव्य चल समारोह निकाला। सीएम मोहन यादव टावर चौक, फ्रीगंज पहुंचे और सिंधी समाज को पर्व की शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री ने ध्वज लहराकर समारोह का शुभारंभ किया। इस दौरान अनिल फिरोजिया, महेश परियानी, अनिल जैन कालूहेड़ा, मुकेश टटवाल सहित अनेक जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

### उज्जैन बन रहा भव्य और दिव्य : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

मुख्यमंत्री ने कहा कि सामाजिक और धार्मिक उत्सव समाज में प्रेम, भाईचारा और आत्मीयता को बढ़ाते हैं। उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश विकास के नए आयाम स्थापित कर रहा है और मध्यप्रदेश सरकार भी सिंहस्थ 2028 को भव्य और दिव्य बनाने के लिए लगातार विकास कार्य कर रही है। आने वाले सिंहस्थ से उज्जैन और प्रदेश की वैश्विक पहचान और मजबूत होगी। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर सम्राट विक्रमादित्य के आदर्शों को याद करते हुए कहा कि उनकी वीरता, न्यायप्रियता और दानशीलता से प्रेरणा लेकर शासन सुशासन के नए मानक स्थापित कर रहा है।

## वकील पर जानलेवा हमला

**उज्जैन।** ट्रेजर बाजार के पास युवा अभिभाषक पर बीती रात 10.30 बजे के लगभग पति-पत्नी और उनके साथियों ने पुराने विवाद को लेकर जानलेवा हमला कर दिया। युवा अभिभाषक गंभीर घायल हुआ है। जिसका निजी अस्पताल में उपचार चल रहा है।

नानाखेड़ा थाना पुलिस ने बताया कि ट्रेजर बाजार के समीप कॉफी क्लब बना हुआ है। जहां विश्वविद्यालय मार्ग पर रहने वाला अभिभाषक यश पिता योगेश भार्गव 27 वर्ष अपने दोस्त के साथ कॉफी पीने पहुंचा था। कॉफी क्लब पर ही आशीष सरवन और उसकी पत्नी भी आए हुए थे। दोनों ने यश भार्गव को देखा तो अपने पास साथ अन्य साथियों को बुला लिया। कुछ देर बाद यश अपने दोस्त के साथ कॉफी क्लब से बाहर आया तो आशीष ने अपनी पत्नी और साथियों के साथ मिलकर जानलेवा हमला कर दिया। गंभीर रूप से घायल होने पर अभिभाषक यश को उपचार के लिए निजी अस्पताल ले जाया गया।

### अस्पताल पहुंची पुलिस लिए बयान

मामले की जानकारी लगने पर पुलिस अस्पताल पहुंची घायल यश के बयान दर्ज कर आशीष और उसकी पत्नी के साथ अन्य के खिलाफ जानलेवा हमले की धारा में प्रकरण दर्ज किया गया। बताया जा रहा है कि जनवरी माह में यश और आशीष के बीच शादी के दौरान गाड़ी पार्किंग को लेकर विवाद हुआ था। उसे दौरान काफी कहा सुनी हुई थी। लेकिन मामले को कुछ लोगों ने शांत कर दिया था उसी विवाद को लेकर आशीष ने अपने साथियों के साथ मिलकर रात में यश पर हमला किया है। थाना प्रभारी नरेंद्र यादव के अनुसार हमला करने वालों की तलाश की जा रही है जल्द ही गिरफ्तार किया जाएगा।

## श्री चिड़ार समाज : चम्मच में माया का 'योग', चेयर रेस में पूजा रही अव्वल

**उज्जैन।** श्री चिड़ार समाज के नववर्ष मिलन समारोह में महिलाओं एवं बच्चों के बीच खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। चेयर रेस, चम्मच रेस के साथ ही चित्रकला, रांगोली प्रतियोगिता में भी समाज के बच्चों ने अपना हूनर दिखाया।

संयोजक कमलेश धंधेरे ने बताया कि संख्या अधिक होने के कारण चम्मच रेस दो हिस्सों में आयोजित की। जिसमें पहली स्पर्धा में प्रथम प्रीति आठिया, द्वितीय मंगला आठिया तथा तृतीय स्थान पर सुनीता मगरिया रही। वहीं दूसरी में प्रथम माया गोईया, द्वितीय दीपिका चंदेल तथा तृतीय स्नेहा चंदेल रही। फायनल चम्मच रेस में प्रथम माया गोईया, द्वितीय मंगला आठिया तथा तीसरे स्थान पर सुनीता मगरिया रहीं। महिलाओं की चेयर रेस में प्रथम पूजा गेहलोत, द्वितीय मधु बरहा, तृतीय शकुंतला हनुमन्तैया रहीं। बच्चों की चम्मच रेस तीन हिस्सों में हुई। स्पर्धाओं में निर्णायक सुनीता आठिया रहीं। संचालन संदीप हनुमन्तैया ने किया। सभी विजेताओं को सम्मानित किया गया।

## शेयर मार्केट में निवेश के नाम चल रहा धोखाधड़ी का खेल

- स्काय कमोडिटीज प्रायवेट लिमिटेड नाम से संचालित हो रहा था ऑफिस

**उज्जैन।** शेयर मार्केट में निवेश के नाम पर चल रहे धोखाधड़ी के खेल का पर्दाफाश पुलिस द्वारा किया गया है। फर्जी एडवाइजरी कंपनी संचालित कर रहे तीन संचालकों को गिरफ्तार कर प्रकरण दर्ज किया गया है। तीनों से पूछताछ जारी है।

बड़नगर थाना प्रभारी अशोक पाटीदार ने बताया कि कस्बे में किराये से स्काय कमोडिटीज प्रायवेट लिमिटेड नाम से ऑफिस संचालित होने की सूचना मिली थी। जहां लोगों को स्टॉक मार्केट में निवेश कर मुनाफे का झांसा देकर ठगी की जा रही थी। सूचना पर एसआई हेमंत कटारे, चांदनी पाटीदार, एएसआई सरदार भगोरा, आरक्षक महेश मौर्या, अजय चौहान, मनोहर मोहरी, ज्योति हाडा के साथ दबिश दी गई। जहां 12 लोग मिले। जिसमें 9 महिला और 3 युवक थे। जिन्हें हिरासत में लिया गया और मौके से मोबाईल, दस्तावेज और लेपटॉप बरामद किये गये। पूछताछ करने पर सामने आया कि उक्त ऑफिस का संचालन श्लोक पिता शैलेन्द्र विकल 28 साल, शाश्वत पिता शैलेन्द्र विकल 26 साल निवासी आदर्श नगर उज्जैन और उबैत पिता अफसीन कुरैशी 26 साल निवासी राजा प्रताप मार्ग बदनावर धार द्वारा किया जा रहा है। उनके दस्तावेजों में 4 कॉपियों में मोबाइल नम्बर दर्ज मिले। जिन पर कॉल कर लोगों को निवेश का झांसा दिया जाता था और मुनाफा होने पर कमीशन काट राशि देने की बात कही जाती थी। मामले में तीनों संचालकों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया गया है।

## विश्व गौरेया दिवस : प्राध्यापकों और छात्रों ने ली पक्षी संरक्षण की शपथ

**उज्जैन।** सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय में आज विश्व गौरैया दिवस के अवसर पर पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया। कार्यक्रम के दौरान विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा पक्षियों के लिए मिट्टी के सकोरे (पानी के पात्र) और कृत्रिम घोंसले वितरित किए गए, ताकि गर्मी के मौसम में उन्हें आसानी से दाना-पानी मिल सके।

विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रोफेसर अर्पण भारद्वाज ने अपने संबोधन में पर्यावरण और पक्षियों के अंतर्संबंधों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि गौरैया हमारे घरेलू जीवन का अहम हिस्सा रही है, लेकिन बढ़ते शहरीकरण ने इनसे इनका आशियाना छीन लिया है। हमें न केवल आधुनिक बनना है। बल्कि अपनी जैव-विविधता को भी सहेजना है। कुलानुशासक प्रोफेसर शैलेंद्र कुमार शर्मा ने गौरैया के सांस्कृतिक और पारिस्थितिक महत्व पर जोर देते हुए कहा कि लोक गीतों और कहानियों की यह गौरैया आज संकट में है। मोबाइल विकिरण और कीटनाशकों के अत्यधिक उपयोग ने इनकी संख्या को काफी कम कर दिया है। उन्होंने प्रकृति के प्रति संवेदनशीलता लौटाने का आव्हान करते हुए कहा कि सभी को अपने घर में कम से कम एक सकोरा और दाना-पानी का पात्र अवश्य रखना चाहिए। इस अवसर पर उपस्थित समस्त प्राध्यापकों और छात्रों ने पक्षी संरक्षण की शपथ ली।

## आज से शुरू होगी पहली अंतर्राष्ट्रीय रैपिड रैटिंग शतरंज स्पर्धा

- दो लाख रुपए कैश प्राइज टूर्नामेंट, 300 से अधिक खिलाड़ी आएंगे

**उज्जैन।** उज्जैन के खेल इतिहास में एक नया अध्याय जुड़ने जा रहा है। उज्जैन में पहली बार फर्स्ट रायसोनी मेमोरियल इंटरनेशनल फिडे रेटिंग रैपिड शतरंज टूर्नामेंट का आयोजन 21 व 22 मार्च को होगा। यह प्रतियोगिता अखिल भारतीय शतरंज महासंघ (एआईसीएफ), भारतीय खेल प्राधिकरण (एसएआई) और एमपी चैस एडहॉक कमेटी के तत्वावधान में उज्जयिनी जिला शतरंज संघ, उज्जैन द्वारा आयोजित की जा रही है। प्रतियोगिता में भारत के साथ-साथ अन्य देशों के शतरंज खिलाड़ियों को भी आमंत्रित किया गया है।

शतरंज स्पर्धा के टूर्नामेंट डायरेक्टर डॉ. एके पाल ने जानकारी देते हुए बताया कि 21 व 22 मार्च 2026 को होने वाली इस अंतर्राष्ट्रीय शतरंज प्रतियोगिता में विजेता खिलाड़ियों के लिए दो लाख रुपए के नकद पुरस्कार रखे गए हैं। साथ ही खिलाड़ियों को 80 आकर्षक ट्रॉफियां व मैडल्स प्रदान किए जाएंगे। स्पर्धा का आयोजन कान्हा परिसर, इंदौर रोड पर किया जा रहा है।

उज्जयिनी जिला शतरंज संघ के सचिव महावीर जैन ने बताया कि इस स्पर्धा में 05 वर्ष से लेकर 90 वर्ष तक के खिलाड़ी हिस्सा लेंगे। स्पर्धा में ग्रेंड मास्टर, इंटरनेशलन मास्टर्स, वूमन ग्रेंड मास्टर, वूमन इंटरनेशलन मास्टर्स भी सम्मिलित होंगे। उन्होंने सभी खिलाड़ियों और शतरंज प्रेमियों से अपील की है कि वे इस प्रतियोगिता में अधिक से अधिक संख्या में हिस्सा लेकर इस आयोजन को सफल बनाएं और उज्जैन का गौरव बढ़ाएं।

### अनेक प्रकार के पुरस्कार रखे गए हैं

उज्जयिनी जिला शतरंज संघ के अध्यक्ष संदीप कुलश्रेष्ठ ने जानकारी प्रदान की कि स्पर्धा में शतरंज खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के लिए कई पुरस्कार रखे गए हैं। खासतौर से उज्जैन के शतरंज खिलाड़ियों के लिए बेस्ट प्लेयर ऑफ उज्जैन, बेस्ट ऑफ एमपी के पुरस्कार रखे गए हैं। कुलश्रेष्ठ ने बताया कि आज स्पर्धा का शुभारंभ अक्षत खम्पारिया, डॉ. सुनील के सोमानी, अनिल फतेहचंदानी, डॉ. कात्यायन मिश्र और डॉ. जया मिश्रा द्वारा किया जाएगा। शतरंज स्पर्धा में 300 से अधिक खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं।

## अनुकंपा नियुक्ति के प्रकरणों को गंभीरता से लेकर कार्रवाई करें

**उज्जैन।** शुक्रवार को निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा द्वारा कर्मचारी संघ की लंबित मांगों एवं प्रकरणों को लेकर निगम मुख्यालय में कर्मचारी संघ के संरक्षक रामचंद्र कोरट एवं कर्मचारी संघ की उपस्थिति में बैठक आयोजित की गई। जिसमें आयुक्त द्वारा स्थापना विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया की अनुकंपा नियुक्ति के प्रकरणों पर त्वरित कार्रवाइ करते हुए प्रकरण का निस्तारीकरण किया जाए। इसी के साथ निम्न बिंदुओं पर चचाज़ की गई। जिसमें सिंहस्थ महापर्व 2028 को दृष्टिगत रखते हुए एवं महाकाल लोक निर्माण के पश्चात शहर में प्रतिदिन लाखों श्रद्धालुओं का आगमन होता है। साथ ही सिंहस्थ में भी करोड़ों श्रद्धालुओं का आगमन होगा। इस हेतु सफाई व्यवस्था सुचारू रूप से हो सके इस हेतु सफाई कर्मचारी एवं ऑफिस स्टाफ के पदों में वृद्धि किए जाने हेतु शासन को प्रस्ताव प्रेषित किया जाए, उज्जैन नगर निगम के सेवानिवृत कर्मचारी के मेडिकल अलाउंस में वृद्धि किए जाने हेतु प्रस्ताव बनवाया जाए, स्थाई एवं विनियमित कर्मचारियों को ड्रेस की उपलब्धता हो इत्यादि मांगों पर चर्चा की गई। चर्चा के दौरान आयुक्त मिश्रा द्वारा उक्त मांगों पर गंभीरता से कार्य किए जाने हेतु अधिकारियों को निर्देशित किया।

### कर्मचारी संघ की बैठक में यह रहे उपस्थित

बैठक में अपर आयुक्त पवन कुमार सिंह, संदीप शिवा, पुनीत शुक्ला, उपायुक्त योगेंद्र सिंह पटेल, मनोज मौर्य, संजेश गुप्ता, सहायक आयुक्त राघवेंद्र सिंह पालिया, कार्यपालन यंत्री वैभव भावसार, सहायक यंत्री रवि राठौर, श्याम शर्मा, कर्मचारी संघ से रमेश रघुवंशी, डॉ. पवन व्यास, नितिन मुसले, शैलेष नागर, मनसुख मेहरवाल उपस्थित रहे।

### चल समारोह का अन्नपूर्णा ग्रुप ने किया स्वागत

**उज्जैन।** नव संवत नव विचार द्वारा आयोजित इंद्र ध्वज चल समारोह एवं गुड़ी आरोहण कार्यक्रम में अन्नपूर्णा ग्रुप द्वारा स्वागत किया गया। इस अवसर पर योगेश शर्मा, मुकेश भाटी, मनीष शर्मा, मनोहर बैरागी और प्रतीक जैन को साफा बांधकर अन्नपूर्णा ग्रुप द्वारा उनका आत्मीय स्वागत किया गया। कार्यक्रम में सुखदेव यादव, सनत बगरवाल, अरमान, सुभाष यादव, संचित शर्मा, अनिल दाता, महेश सुगंधी, वैभव ठाकुर, बादल गुप्ता, अंकित यादव, अंकित नारोलिया, गौतम सीतलानी और दक्ष मित्तल उपस्थित थे।

## आज और कल जुटेंगे 19 राज्यों के हास्य योगी, सजेगी ठहाकों की पाठशाला

- देशभर के हास्य गुरुओं को मिलेगा
- हाईना 2025 अलंकरण

**उज्जैन।** हास्य योग केंद्र भारत के तत्वावधान में संस्था के रजत जयंती वर्ष पर महाकाल की धरा पर 19 प्रांतों के हास्य योगियों का जमघट लगने जा रहा है। दिल्ली के अंतर्राष्ट्रीय हास्य योग गुरु जितेन कोही के सानिध्य में हंसो उज्जैन हंसो-हंसता भारत-स्वच्छ भारत थीम पर दो दिवसीय भव्य एवं नि:शुल्क हास्य योग सम्मेलन 21 और 22 मार्च को आयोजित किया जाएगा।

हास्याचार्य स्वामी मुस्कुराके शैलेंद्र व्यास ने बताया कि मस्ती की इस पाठशाला का शुभारंभ 21 मार्च शनिवार शाम 6 बजे मध्य प्रदेश सामाजिक विज्ञान संस्थान के रामसखा गौतम ऑडिटोरियम में होगा। शुभारंभ सत्र में अतिथि के रूप में विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा, निगम सभापति कलावती यादव, प्रेस क्लब अध्यक्ष नंदलाल यादव, डॉ. एसएस सलूजा और डॉ. विशाल हाडा उपस्थित रहेंगे। इस अवसर पर 19 राज्यों के हास्य योग गुरुओं को वर्ष 2025 के राष्ट्रीय पुरस्कार हाईना 2025 अलंकरण से नवाजा जाएगा। इस योगशाला में हास्य योग गुरु जितेन कोही द्वारा उत्तम स्वास्थ्य के लिए तितली हास्य, हास्य प्रणाम, बालमचलन हास्य, शाबाशी, शिकायत, प्रशंसा, तीर कमान, लस्सी, बेली और पंछी हास्य की योग क्रियाएं करवाई जाएंगी। कार्यक्रम के दौरान महाकाली और कंठाली ठहाकों की गूंज भी सुनाई देगी।

आयोजन के दूसरे दिन 22 मार्च की सुबह 6 बजे से फ्रीगंज स्थित शहीद पार्क के अभिव्यक्ति मंच पर नि:शुल्क हास्य योग शिविर लगेगा। शिविर में हास्य और योग का अद्भुत संगम देखने को मिलेगा। स्वस्थ संसार परिवार, विक्रम वाटिका परिवार, भारत विकास परिषद उज्जैन, प्रेस क्लब, विक्रमादित्य फ्रीगंज व्यापारी महासंघ और अभिव्यक्ति मंच द्वारा शहरवासियों से इस आयोजन में शामिल होकर स्वास्थ्य लाभ लेने की अपील की गई है।

## नॉनवेज नहीं बनने पर पत्नी-सास का फोड़ा सिर

- चिमनगंज थाना क्षेत्र के राज रॉयल
- कॉलोनी का मामला

**उज्जैन।** आगर से आये पिता के लिए नॉनवेज नहीं बनने पर पति द्वारा पत्नी के साथ मारपीट की गई। बीच बचाओ में सास आई तो उसके साथ भी मारपीट कर घायल कर दिया गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

चिमनगंज थाना क्षेत्र के राज रॉयल में रहने वाली मंजू पति राकेश का विवाह आगर में हुआ था। कुछ साल पहले मंजू अपने चार बच्चों और पति के साथ मायके आ गई। पति ससुराल में रहकर रिक्शा चलाने लगा। अमावस्या होने पर पति राकेश के पिता सीताराम शिप्रा स्नान के लिए उज्जैन आए। पिता के आने पर राकेश ने पत्नी मंजू से कहा कि नॉनवेज बना ले। मंजू ने अमावस्या का हवाला देते हुए नॉनवेज बनाने से मना कर दिया। राकेश के पिता आगर लौट गए, उन्होंने पुत्र राकेश से कहा कि तेरे ससुराल आने पर उन्हें सम्मान नहीं मिला। इसी बात पर बीती शाम राकेश शराब पीकर घर लौटा और पिता को खाना बनाकर नहीं देने की बात पर विवाद करते हुए मंजू के साथ मारपीट शुरू कर दी। मंजू के साथ मारपीट होती देख उसकी मां नागू बाई बीच बचाओ करने आई तो दामाद राकेश ने सास को भी घायल कर दिया। दोनों को चरक में भर्ती कराया गया है। मंजू के शिकायत पर पुलिस द्वारा जांच की जा रही है।

### दुर्घटना में घायल ड्राइवर की मौत

उज्जैन। अंजू श्री कॉलोनी में रहने वाला अनिल पिता तुलसीराम आयशर चलने का काम करता है। 17 मार्च को वह आयशर लेकर राजगढ़ की ओर जा रहा था इसी दौरान पीछे से ट्रक ने टक्कर मार दी थी। अनिल की गाड़ी सामने चल रहे वाहन से टकरा गई थी। जिसमें वह घायल हो गया था। दुर्घटना की जानकारी लगने पर परिजन ब्यावरा पहुंचे थे। जहां से उज्जैन निजी अस्पताल लाया गया। जहां रात में अनिल की मौत हो गई। नानाखेड़ा थाना पुलिस ने सूचना मिलने पर मर्ग कायम कर पोस्टमार्टम कराया है।

वीआईपी ने किए दर्शन ▸ इंदौर से आए श्रद्धालुओं ने महाकाल मंदिर में भेंट किए पौधे

## अभिनेत्री जयाप्रदा ने किए महाकाल दर्शन, नंदी हाल से की पूजा

**उज्जैन।** फिल्म अभिनेत्री जयाप्रदा शुक्रवार को उज्जैन आई। उन्होंने ज्योतिर्लिंग महाकाल के दर्शन किए। उन्होंने नंदीहाल में बैठकर पूजन-अर्चन किया। जयाप्रदा पहले भी कई बार भगवान महाकाल का आशीर्वाद लेने उज्जैन आ चुकी हैं। वे उज्जैन में चेटीचंड के कार्यक्रम में भाग लेने आई थी। कार्यक्रम के बाद वे महाकाल का आशीर्वाद लेने पहुंची। वहीं इंदौर से आए श्रद्धालुओं ने महाकाल मंदिर में बड़, चंदन, बेलपत्र आदि के पौधे भेंट किए। समिति के सहायक प्रशासनिक अधिकारी आर. के. तिवारी ने श्रद्धालुओं का स्वागत किया।

इधर भैरवगढ़ रोड स्थित मां बगलामुखी धाम में चल रहे 10 महाविद्या देवियों की मूर्ति प्राण-प्रतिष्ठा अनुष्ठान में मप्र के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव शामिल हुए। भर्तृहरि गुफा के गादीपति महंत योगी पीर रामनाथ महाराज के साथ उन्होंने नवनिर्मित मंदिर का अवलोकन किया। बीच प्रांगण में स्थापित मां दुर्गा की प्रतिमा का पूजन भी किया। अनुष्ठान की पूर्णाहुति रामनवमी पर होगी।

इसके साथ ही गुर्जरगौड़ ब्राह्मण समाज फ्रीगंज का सम्मान समारोह एवं सांस्कृतिक समागम 22 मार्च को इंदौर रोड प्रशांति गार्डन में होगा। न्यास अध्यक्ष राजेंद्र तिवारी ने बताया मुख्य अतिथि विवेक दुबे, विशिष्ट अतिथि राष्ट्रीय अध्यक्ष माया त्रिवेदी, प्रांतीय अध्यक्ष राजेश त्रिवेदी, विशेष अतिथि नरेन्द्र व्यास, प्रमोद व्यास, प्रदीप तिवारी, डॉ. ओमप्रकाश व्यास होंगे। अधिवक्ता स्व. बालकृष्ण उपाध्याय की स्मृति में पं. त्रिवेदी को गौतम रत्न सम्मान देंगे। बच्चों एवं महिलाओं की खेलकूद प्रतियोगिता एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम भी रखे गए है।

### भव्य प्रतिमा के समक्ष मना चेटीचंड महापर्व

**उज्जैन।** सिंधी समाज के आराध्य देव भगवान झूलेलाल के जन्मोत्सव चेटीचंड महापर्व 20 मार्च को उज्जैन में पहली बार झूलेलाल मेले का आयोजन हुआ। संतराम सिंधी कॉलोनी स्थित झूलेलाल उद्यान में विश्व की सबसे भव्य प्रतिमा के समक्ष विविध कार्यक्रम आयोजित किए। इस विशाल प्रतिमा का लोकार्पण मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा किया गया है। उक्त जानकारी महेश सीतलानी ने दी।